MR. DEPUTY-SPEKER : Shri K. Ramamurthy—absent ; Shri George Fernandes—absent ; Shri K. Ramamurthy again—he is absent.

Bills for consideration and passing.

15.04 hrs.

AGRICULTURAL COMMODITIES SUPPORT PRICE BILL

by Shri K. Lakkappa—*Contd.*

MR. DEPUTY SPEAKER : The House will now take up further consideration of the motion moved by Shri K. Lakkappa. Shri Sunder Singh to continue his speech.

श्री सुन्दर सिंह (फिल्लौर) : उपाध्यक्ष महोदय, किसानों की बेहतरी के लिए यह सारा बिल है। मेरे खयाल में जो कुछ यहां होता रहा है वह किसानों के लिए ही होता रहा है। जो छोटे किसान हैं उनको तो फायदा पहुंच नहीं सकता, जो बड़े-बड़े किसान हैं उनको इसका फायदा है वे कीमतें बढ़ाते हैं। जो छोटे किसान हैं उनके तो साल के गुजारे भर को भी नहीं होता। वह बेचते नहीं हैं। वह तंग हैं। उनको मोल लेकर खाना पड़ता है। वे प्राइसेज बढ़ाना नहीं चाहते। श्री लकप्पा को यह पता ही नहीं है कि किसान कौन होते हैं, मुझे पता है कि जो शोर मचाते हैं कि ज्यादा कीमतें बढ़नी चाहिए, प्राइस कमीशन ने गलती की है, कीमतें कम की हैं, वह कौन हैं। उसने कहां कीमतें कम की हैं ? उसने सब का खयाल रखा है। गन्दुम को बढ़ा दो 200 रुपये कर दो, खाने की और चीजों को इतना कर दो, 5-6 रुपये दालों के कर दो तो गरीब लोग कहां जायेंगे ?

लैंड रिफार्म तो आपने किया नहीं है। बातें करते रहे हैं। चीप पापुलैरिटी लेने के लिए यह बिल आ गया है कि हम किसानों के बहुत वफादार हैं, किसानों की कीमतें बढ़ाना चाहते हैं और किसान यह कह रहे हैं कि ये क्या कर रहे हैं ? हमें तो खाने को भी नहीं मिलता है। जिसके पास चार एकड़ जमीन है उसके पास साल भर के खाने भर को भी दाना नहीं है। ये उन किसानों की मदद करते हैं दरअसल जो विग लैंड लार्डस हैं। उनकी मदद करते हैं। जो बिग लैंड लार्डस हैं उन्होंने जमीन तो दी नहीं। प्रोपेगन्डा करते रहे बड़ी जबर्दस्त बड़ी देर से, मुझे पता है बड़ी देर से लोग कोशिश करते रहे हैं कि इन जमींदारों की बेहतरी होनी चाहिए। है जमींदारों की बेहतरी, इसमें कोई शक नहीं। मगर जमींदार कौन हैं ? गरीब आदमी जो है वह काश्तकारी करता है और जमींदार तो शहर में समोसे खाता है और सिनेमा देखता है। जो गरीब हरिजन और छोटे किसान हैं वही खेती का सारा काम करते हैं लेकिन उनके पास जमीन नहीं है। हमारे स्पीकर साहब के पास कितनी जमीन है, स्पैरो साहब और राव साहब के कितनी जमीन है या ज्योति बसु साहब के पास कितनी जमीन है, इसका हमें पता नहीं है। इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि नाम तो गरीब हरिजन और छोटे किसानों का ही लिया जाता है। लेकिन यहां पर जो बिल पेश किए जाते हैं उनका फायदा बड़े जमींदारों को ही मिलता है। जितनी भी नहरें हैं, ट्यूबवैल हैं, वह जमींदारों के लिए हैं। बैंकों का पैसा भी जमीदार ही ले जाते हैं। वे लोग अच्छे से अच्छा खाना खाते आलीशान मकानों में रहते हैं फिर भी कहते हैं कि जमीदार मर गये, मर गए। लेकिन असल में मरते हैं हरिजन और गरीब लोग। पंजाब में उनकी बुरी हालत है। आज जो बड़े-बड़े लीडर हैं उनके पास शानदार कारें

[श्री सुन्दर सिंह]

हैं लेकिन जो आदमी उनका काम करते हैं उनके साथ उनका व्यवहार ठीक नहीं है। इसमें कोई शक नहीं हैं कि मैं हमेशा से ही बड़े जमीदारों के खिलाफ रहा हूं क्योंकि ये लोग हरिजनों की लीडरशिप को आगे बढ़ने नहीं देते हैं।

MR. DEPUTY-SPEAKER : Even as a Minister, you were not able to do anything.

श्री सुन्दर सिंह : मैं जब मिनिस्टर था तब मैंने काम किया। मैंने पंजाब और हरियाणा में जमीनें दिलवाई। हमारे यहां ऐसा नहीं है कि हरिजनों को कोई वोट न डालने दे। हरिजनों को कोई मार भी नहीं सकता है। अगर कोई एक मारे तो हम दो मारते हैं। मैं तो हमेशा गरीबों की ही मदद करता हूं। लोग जानते हैं कि मैं कभी लैंडलार्डस की तरफदारी नहीं करूंगा इसीलिए मुझे लोग वोट देते हैं। यू०पी. और बिहार में ऐसे बड़े-बड़े लीडर्स हैं जिनके चिट्टे कपड़े और शानदार धोतियां होती हैं। लेकिन जरा उनके घरों को जाकर देखो, जो हमारे वोटर हैं, उनकी बहुत बुरी हालत है। होना तो यह चाहिए कि हमारे जो वोटर हैं और हम में कोई फर्क नहीं होना चाहिए, हमारी माली हालत उनसे ज्यादा नहीं होनी चाहिए। लोग महात्मा गांधी की बात करते हैं लेकिन कौन उनके उसूलों पर चलता है। भूमि चाहिए लेकिन प्राइस किसके लिये होनी चाहिये। गरीब बेचारा कहां से आपको प्राइस देगा। यह सब बिग जमींदारों का तमाशा है, गरीबों का नाम लेकर यह सब वह अपने लिये कर रहे हैं। लोग बड़े भोले हैं जो उनकी बातों में आ जाते हैं। हमने तो लोगों की मदद की है, लकिन जो बिग-जमींदार है वह कभी गरीबों को मदद नहीं करेगा। जिसके पास जमीन है, खाने को है, वह चाहे सी० पी० आई० हो, सी० पी० एम० हो या कांग्रेस हो, वह किसी भी प्रोग्रेसिव पार्टी को वोट नहीं डालेगा। हर तरफ बिग जमींदार छाये हुए हैं।

श्री रामावतार शास्त्री (पटना) : यहां भी बैठे हुए हैं।

श्री सुन्दर सिंह : हमारे यहां बिग जमींदार तो गरीब को वोट डालने ही नहीं देता। उसके लोग पोलिंग बूथ पर जाकर बैठ जाते हैं और खुद ही सब के वोट डाल देते हैं। इस तरह से सोशलिज्म कैसे आयेगा कहां से आयेगा।

Even the morsel of food that we eat is taken away from another's mouth.

इस लिए मैं कहना चाहता हूं कि यह जो बिल है यह सिर्फ बिग जमींदारों के वास्ते है। आप जमीनों की कीमतों को बढ़ने से रोकना चाहते हैं इसका किसान को कैसे फायदा होगा, हरिजन को कैसे फायदा होगा उसके पास तो जमीन खरीदने के लिये पैसा ही नहीं है। बड़े जमींदार इसका फायदा उठायेंगे। देहातों में गरीब हरिजनों को मारा जाता है, सताया जाता है। इसलिए मैं शुरू से कहता आ रहा हूं—लेंड रिफार्म करो। लेंड रिफार्म के लिए बिल आना चाहिए। अगर हिन्दुस्तान में लेंड रिफार्म हो जाय तो जमीनों का सारा सिलसिला ही खत्म हो जाये। शहरों में तो सब काम हो जाते हैं लेकिन देहातों में ये जमींदार नहीं होने देते। अगर कोई बोलता है तो उसको मार दिया जाता है। ये जो मारने की घटनायें होती हैं, 24 आदमी मार दिये गये, 26 आदमी मार दिये गये, इनको कौन

मारता है ? बिग जमींदार ही मारते हैं। क्षत्री ब्राह्मण, बड़े-बड़े आदमी मारते हैं। उन्होंने वहां अपनी सुपरीमेसी कायम की हुई है, जाट सुपरीमैसी, ब्राह्मण सुपरीमैसी, इस तरह से सारा सिलसिला चल रहा है।

मैं बाबू जगजीवन राम को यह सलाह दूंगा—आप चुप करके इधर आ जायं जिस तरह से एक और सज्जन आ गये हैं। उधर जाकर बैठने से कुछ नहीं होगा। हमारे पंजाब में दरबारा सिंह चीफ मिनिस्टर हैं—उन्होंने एक हरिजन को मिनिस्टर बनाया है, जो काबिल नहीं हैं, लेकिन कोटा पूरा करना था, इस लिए बना दिया। असल में हमारे पास लीडरशिप नहीं है। लेकिन इस तरह से आपकी जो पालिसी है उससे तो हरिजनों की लीडरशिप को खत्म करना है। इससे तो हमारा भट्टा बैठ जायेगा।

एक बात और बतलाता हूँ—जहां जाट की कब्र हो, वहां हरिजन को नहीं दफनाना चाहिए। वरना वहां भी वह रात को उठ कर हुकम देगा, फलां काम कर। इस फर्क को खत्म करने के लिए जरूरी है कि हमारे ऐमाल में भी फर्क आना चाहिए। हम लोग जो यहां बैठे हैं जो गरीबों का वोट लेकर यहां आये हैं, मजे करते हैं, समोसे खाते हैं, आमलेट खाते हैं लेकिन गरीबों के लिए क्या करते हैं, हरिजनों के लिए क्या करते हैं हमारे रंगा साहब को देखिए—वह खड़े हो कर टोस्ट खाते हैं, सब के साथ खाते हैं, यह असली सोशलिज्म हैं, यह पहला चेहरा है जो आम लोगों के साथ बैठ कर खाता है, लेकिन दूसरे ऐसा नहीं करते।

हिमाचल प्रदेश में क्या हुआ ? हरियाणा में क्या हुआ ? जो वहां हुआ है उसको आप ने देख लिया है। मैंने वहां कहा—राम प्रकाश को टिकट दो, चारों सीटें जीत जाओगे, लेकिन भजन लाल के कहने पर दूसरों को टिकट दे दीं, नतीजा क्या हुआ चारों सीटें हार गए। हरिजन लीडर के कहने पर नहीं दी, जो जमींदार हैं, बड़े लोग हैं उनके कहने पर दीं—नतीजा क्या हुआ आपके सामने है।

मैं सबसे पहली बात यह कहना चाहता हूं—जमीन की कीमत नहीं बढ़नी चाहिए, लैंड रिफार्म करना चाहिए। आज देहात के लोग चाहते हैं कि कीमतें न बढ़ें क्योंकि किसान कहां से खायेगा। 90 फीसदी किसानों को अपने खाने के लिए महंगे दामों पर खरीदना पड़ेगा। आज जमींदार ही शोर मचा रहे हैं कि जमींदार मर गया, लेकिन शहरों में अपनी प्रापर्टी बना रहे हैं सिनेमा बना रहे हैं और गरीब किसान के नाम पर प्रोपेगन्डा करके खुद उसका फायदा उठाना चाहते हैं।

अब मैं एक शेर सुनाता हूं—जो अकलमन्द हैं उनको इससे पता लग जाएगा कि वोट किसको डालना चाहिए।

मेरी अब जिन्दगी को ठोकरें खाना नहीं आता
मैं मजबूरे तमन्ना हूँ कि मर जाना नहीं आता,
तुम्हारी बज्म में आकर हमें जाना नहीं आता
पर यह दुनिया अपनी दुनिया है,
हमीं तो इसके मालिक हैं,
कोई बेगाने घर में कोई बेगाना नहीं आता।
पर तेरे मस्तों को ऐ साकी
शोरे-महशर क्या उठायेगा
ये वो हैं जिनको पीकर होश में नहीं आता।

*SHRI C. PALANIAPPAN : (Salem) : Hon. Mr. Deputy Speaker, Sir on benalf of my party, the Dravida Munnetra Kazhagam, I rise to say a few words on the Bill of my Hon. friend, Shri Lakkappa which seeks to ensure fair and

*The Orginal Speech was delivered in Taimil.

[Shri C. Palaniappan]

remunerative prices for agricultural products. I extend my support to this Bill. India's total area is 32,87,782 square kilometres. Our economy is dependent on agriculture. Agricultural alone will absorb the growing number of unemployment youth in the country. 80% of our people live in rural areas of our country. Though there are 460 District headquarters, 4 metropolitan towns, we have 5.5 lakh villages and there are more than 5000 Development Blocks in the country. The export of agricultural products like rice, sugar, tea, pepper, cardamom etc. earns in foreign exchage Rs. 4000 crores and more in a year. Through the export of agricultural and industrial machinery, we are earning only a few hundreds of crores in foreign exchange. I have referred to these basic facts just to emphasise that India's economy is dependent on agriculture and the Government must do everything to ensure fair price and remunerative price to agricultural products.

The Food Corporation of India has entered into an agreement with the USSR for the export of rice. Now, the farmers in Andhra Pradesh are not selling rice to F. C. I. because the price offered is unremunerative. The export agreement of F.C.I. with the U. S. S. R. is in jeopardy on account of the inability of F.C. I. to procure rice.

The price of chemical fertilisers has gone up by 300%. The prices of agricultural machinery are sky-rocketing. The power charges and the water charges are being increased frequently. The freight charges by train and the lorry charges are being increased. Recently the Govrnment have increased the price of wheat by Rs. 12 per quintal. The Members of Agricultural Prices Commission sitting in air-conditioned rooms are fixing prices of essential agricultural products, which bear no relationship with the cost of production. The country's backbone is agriculture and if the backbone is broken, then naturally the nation will face disaster. The economy will be shattered beyond recovery if the agriculturists do not get remunerative prices.

When I stress for remunerative prices, I will be confronted with the argument that already the Government is paying annually a subsidy of Rs. 800 crores for agricultural products and any increase in the quantum of subsidy will lead to increase in price of essential commodities for the consumers. I am unable to accept this argument. Even by cutting down drastically the administrative expenditure of the Central Government, the Hon. Minister of Agriculture should readily pay increased subsidy to the agriculturists. Then only remunerative prices can be given to the farmers of our country on whose broad shoulders the nation survives. The Tamil Nadu, particularly in Salem, Dharmapuri, Erode and other adjacent areas, more than 700 starch and sago factories are on the verge of closure because of non-availability of basic raw material called Kuchchivallikilangu. The cultivators who toil throughout the day, from the time the cock crows to the time of wailing of owl, (Kottan), are not getting remunerative prices. As you have now fixed remunerative prices for sugarcane, you should fix remunerative for Kuchchivallikizhangu also. The Hon. Minister of State for Agriculture hailing from Tamil Nadu know this problem too well and he should do the needful in this matter.

With these words I conclude my speech.

MR. DEPUTY-SPEAKER : Shri Virdhichandra Jain, he is absent; Shri Girdharilal Vyas, he is also absent. Shri Sudhir Giri. Are you ready ?

SHRI SUDHIR GIRI (Contai) : Yes, Sir, Sir, now a days, the functions of the Government are increasing day by day. There were days when the Government had to act with the least. Now, the total ourden of looking after the welfare of the people has fallen upon the Government. Government is required to look to the production as well as the distribution system of the country more vigorously than before.

The production involves four factors and the prices paid for the factors of production should be suitable. Then only the agricultural production of this country will go on uninterruptedly and to the satisfaction of all concerned. At the same time, not only the price factors involved in respect of the production of the agricultural crops but the distribution system also has to be looked into.

Sir, I shall discuss these aspects in two ways. Prices of agricultural commodities has created a very grave problem in our country. For getting the agricultural produce prices increased, some twenty-eight to thirty farmers were killed in Maharashtra. So, Sir, a very careful handling of this problem is required. The State Governments have no power to fix the prices of agricultural produce and as the agricultural products are transferred from one state to another State it creates lot of problems for a deficit State.

MR. DEPUTY-SPEAKER : Hon. Members, we have already exhausted the time allotted for this Bill. There are still ten to twelve Members who want to speak. So, I want to know the opinion of the House as to whether we should extend the time.

SOME HON. MEMBERS : Yes. By two hours.

SHRI G. M. BANATWALLA : (Pounani) : Sir, you may extend the time but it should be done in a way that my Bill is taken up today.

MR. DEPUTY-SPEAKER : I think we may extend the time by an hour and half.

SOME HON. MEMBERS : Yes.

SHRI SUDHIR GIRI : Sir, because of lack of an integrated price policy on the part of the Central Government the production and procurement of foodgrains in our country has hampered and, as such, we had to import 15.15 lakh tonnes of wheat from USA and 7.50 lakh tonnes of wheat from Australia. Further, Sir, the price which we have paid to these two countries for the purchase of wheat is more than the price that we are paying to our own cultivators. This is most unreasonable and it should be dis-continued hencefourth.

Mr. Deputy Speaker, Sir, to ensure that the farmers are given proper remunerative prices the Government agencies like the FCI and JCI should pay a more active and vital role in purchasing the foodgrains from the producers. Without the active and prompt support of these two agencies the farmers in our country will be deprived of the reasonable price. The farmers are deprived in two ways. The marginal farmers, when they harvest their crop, they sell it at a reduced price and when they themselves are in need of these commodities they have to purchase at a higher price. In these two ways the small and the marginal farmers are being deprived in our country. I think it would be proper on the part of the Central Government to fix the prices before sowing.

Whether before showing price should be fixed or not is a matter of dispute ; and I am coming to this

[Shri Sudhir Giri]

point. Especially, while I am demanding that fixing of price should be made by the Central Government, I would like to refer to specific crops such as paddy, wheat, cotton, sugarcane, jute etc. All these, agricultural products should be supplied to the consumer at proper prices. The Central Government should take proper steps to ensure their proper prices. It is a fact that the Government agencies will ensure the procurement and giving of proper prices to the growers. But, what will be the price? How is this price fixed? The agricultural Prices Commission has taken steps for fixing the prices. But these are faulty, I think. Why? I am sorry to find this. While the Agricultural Prices Commisssion is fixing the price, for the purpose of fixing the price, they take into consideration the varieties of crops. There is difference in the varieties. They take into account the difference of varieties of one region and another region. Crops produced in one region may be different from crops produced in another region. In the other region the same crop is produced. That crop may differ in quality. Even for the same kind of crop there is difference in price in various regions. So it is very difficult to tackle these factors. The Agricultural Prices Commission has to work out the average cost of food crops and agricultural crops. They take into account the figures of various years. They have to take into account the price of crops produced in a particular year and the crops produced in the previous year. They take into account the cost of crops grown in different regions. These things create problems, in the matter of fixing average price. It is very difficult for the Agricultural Prices Commission to take into consideration all these various factors.

Now, the second important element is this: While the Agricultural Prices Commission is fixing the prices, they do not take into consideration the risk element which is involved. There are floods. There are droughts. There are pest attacks. Various other natural calamities are there. Because of the various natural calamities the farmers have to take the risk of losing their total crop or part of the crop. This risk element is always there. But this aspect is not taken into consideration.

When the Agricultural Prices Commission fixes the prices of the crops produced in a particular year, they should also take into consideration this 'risk aspect'. This is my submission.

We find that even when the Agricultural Prices Commission fixes the prices of crops produced in a particular year, Government do not accept those recommendations. There are several examples. I can give you one example. The Agricultural Prices Commission recommended the reduction in the prices of agricultural inputs. But Government did not accept it. As Government did not accept the reduction of the input prices, the small farmers and the marginal farmers had to suffer. And, due to the non-reduction of the fertilizer prices, the small and marginal farmers are not in a position to purchase those fertilizers.

While the Agricultural Prices Commission takes into consideration the cost of production of agricultural products, they must see that the prices of fertilizers should also be fixed so that, it will not adversely affect small and marginal farmers. These aspects should also be looked into by the Agricultural Prices Commission.

The Agricultural Prices Commission, while fixing the prices of agricultural commodities takes into consideration the cost of production

of the previous year and the cost of production of the present year, or the year in question. If these two years are taken together, it adversely affects the small farmers, as far as the agricultural prices are concerned. This should be discontinued.

It is the opinion of the Government that if the prices of agricultural commodities are fixed before sowing season, the farmer would be affected adversely. The Government says that during the period between the sowing and the harvesting, the input prices may vary or the prices of other factors may vary ; and if the prices are fixed before the sowing season, the farmers would be adversely affected, but I do not consider it so. This is so because the period only works out to two or three months and during this period, the prices of the different factors of production cannot vary in such a way that may adversely affect the farmers' position. In my opinion, the Government is trying to avoid the question of fixing the prices before the sowing season Shri Lakkapa, who has moved this Bill, has rightly pointed out that if the prices are fixed before sowing, the farmers would be able to determine which types of crop they should cultivate. That would definitely go in their favour. In view of this, the position taken by the Government is not tenable.

While we are demanding an increase in the prices of agricultural commodities in favour of the farmers, we also demand that the consumer should be least affected. According to the Government estimate, or the Planning Commission estimate, about 50% of the people live below the poverty line, but according to our estimates, about 70% of our people live below the poverty line. If the prices of the agricultural commodities go up, then this bulk of the masses would be adversely affected. Their interest should also be looked into by the Government. For this purpose, the Government should compensate in this way that the food supplies should be subsidised, and the subsidised foodgrains should be distributed through the fair price shops, that is the public distribution system. Without an effective and vigorous public distribution system, the prices cannot be controlled, or the consumers, bulk of whom live below the poverty line would be adversely affected. I would suggest that the Government should fix up the prices of agricultural commodities before sowing and while fixing the prices, they must take into consideration these aspects, that is, input prices, natural calamities, and fix the prices on scientific basis. While distributing to the poor people in the country, they must supply these materials through the public distribution system. If these aspects are taken into consideration by the Government, I think the producers of the country would be much benefited.

One more thing I would like to point out. There are some farmers, who are employing capital in their farms and they are capitalising the production system. I know that in spite of my adverse criticisms against this, the Government will not change its policy, because the present Indian state is the landlord capitalist state and this policy is diverted towards the benefit of the landlords and the capitalists. But, if the Government is really sincere in its efforts to do something for the common people, who live below the poverty line, they must take into consideration the very aspects, problems and difficulties of the agriculturists who are small and marginal and who are agricultural labourers.

With these words, I would again appeal to the Government that it should be sincere in practice about what they say in the public forums and in this House.

श्री गिरधारी लाल व्यास (भीलवाड़ा) : एग्रिकलचरल कमोडिटीज स्पोर्ट प्राइस बिल जो माननीय लकप्पा जी ने प्रस्तुत किया है, उसका मैं समर्थन करता हूं। हमारा देश कृषि प्रधान देश है। उसमें अस्सी प्रतिशत लोग किसान हैं। इस वास्ते जब तक किसान की आर्थिक स्थिति नहीं सुधरेगी तब तक हमारा देश आगे नहीं बढ़ पाएगा। आप पुराना इतिहास देखें। हमारे यहां सामन्तों, बड़े-बड़े जमींदारों का राज था। उनके चंगुल से हम लोग किस तरीके से किसान को निकाल कर लाए हैं, उनकी आर्थिक स्थिति को ठीक करने की कोशिश की है, इसको आप देखें। कांग्रेस की सरकार ने आप को मालूम ही है कि जमींदारियों को, जागीरों को, राजा महाराजाओं के कब्जे से लिया, पूंजीपतियों के कब्जे से लिया और जागीरदारों प्रथा को समाप्त किया। इसको खत्म करके किसान को जमीन का मालिक बनाया और इस प्रकार की व्यवस्था की कि जिससे वह अपनी जमीन में ज्यादा-से-ज्यादा पैदावार बढ़ा सके, उसमें ज्यादा पैदा करने की क्षमता पैदा हो सके। सरकार ने उसको इसके लिए शक्ति दी। जो खेतिहर मजदूर थे या जिनके पास कम जमीन थी, जो स्माल फार्मर थे या मार्जिनल फार्मर थे या लैंडलैस लेबरर्ज थे, सीलिंग का कानून लागू करके उनसे जमीनें लेकर इन लोगों को वे दी गईं और साथ-साथ सरकार के पास जो फालतू जमीन थी, उसको भी इन लोगों में बांटा गया। इस तरीके से आर्थिक तौर पर उनको सम्पन्न बनाने का कार्यक्रम सरकार ने अपने हाथ में लिया। लेकिन मैं समझता हूं कि और भी ज्यादा उनके हाथ में शक्ति देने की जरूरत है। जितना काम किया गया है उसी से उनकी आर्थिक उन्नति नहीं हो सकती है। उनके वास्ते ठीक प्रकार से रोजी-रोटी की व्यवस्था इससे नहीं हो सकती है। हमें चाहिये कि हम और ज्यादा उनकी मदद करें को-ओपरेटिव्ज के जरिये, मार्किटिंग सोसाइटीज के जरिये। वैसे इस तरह की व्यवस्था सरकार ने भी की हैं। सस्ती खाद, सस्ता बीज, इनपुट्स उपलब्ध करने का काम सरकार ने किया है। लेकिन वह जिस तरीके से हो रहा है उसमें थोड़ी तबदीली लाने की जरूरत है। आज जितने भी हमारे विरोधी पार्टी के लोग हैं वे खास तौर से किसानों को भड़काना चाहते हैं सरकार के द्वारा इतना कुछ किए जाने के बावजूद भी। जितना काम कांग्रेस पार्टी की सरकार ने इन पिछले 34 सालों में किया है उतना काम विरोधी दलों के लोग अच्छी तरह से जानते हैं कि हजार दो हजार साल में इनके पुरखे भी नहीं कर सके, जागीरदार, जमींदार, राजे महाराजे नहीं कर सके। अंग्रेजों ने दो सौ साल तक यहां राज किया। किसान की उन्नति के लिये उन्होंने कौनसा सहयोग किया ?

श्री सत्य नारायण जटिया (उज्जैन) : आपके पुर्खे होंगे, हमारे पुर्खे वह नहीं थे।

श्री गिरधारी लाल व्यास : मैं जागीरदारों की बात कर रहा हूं, आप तो शिड्यूल्ड कास्ट हैं, आपके पुर्खे राजे-महाराजे नहीं हो सकते।

इसलिये मैं आपसे निवेदन कर रहा था कि इस तरीके के लोग यहां पर बैठे थे, जिनके टाइम में किसान को कोई फायदा नहीं मिल सका। कांग्रेस ने इस प्रकार की व्यवस्था की है कि किसान की ज्यादा से ज्यादा तरक्की हो और उनकी आर्थिक उन्नति के लिए बहुत बड़े पैमाने पर काम किया है। उनकी इरिगेशन फैसिलिटीज

बढ़ाई है, बिजली का फायदा किया है। सब प्रकार की सुविधाएं धीरे-धीरे बढ़ाने की कोशिश की है।

इसके साथ ही साथ क्योंकि किसान को थोड़ा पैसा ज्यादा मिलने लगा, उसकी उपज बढ़ने लगी तो उसकी आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है, इसमें कोई दो राय नहीं है। आज से 5 साल पहले जो उसकी स्थिति थी, उसमें बहुत अन्तर आया है। ज्यों-ज्यों सरकार इनकी सपोर्ट प्राइस बढ़ाती है, त्यों त्यों किसान को ज्यादा पैसा मिलता है और इससे उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होती है।

आज से 10, 15 साल पहले जब किसान की जमीन लोगों के पास गिरवी पड़ी होती थी, उसकी आर्थिक स्थिति बहुत कमजोर थी। हमने उनको ऋण मिलने का कानून बनाया, उनकी जमीन को छुड़वाने का कानून बनाया इससे बहुत बड़ा अन्तर देश के किसानों में आया है। मेरे कहने का मतलब यह है कि जितना ज्यादा वह प्रोड्यूस करता है, हालांकि छोटा किसान जो पैदा करता है, उसमें से ज्यादातर उसकी अपनी जरूरत के काम आ जाता, लेकिन उसे अपनी जरूरत का और सामान खरीदने के लिए उसको अपना सामान बाजार में बेचना पड़ता है। उसके थोड़े दिन बाद और खरीदना पड़ता है उसे अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिये सारी चीजें खरीदनी पड़ती हैं। अगर उसको उसके माल की निश्चित कीमत मिलती है तो उसकी आवश्यकताओं की पूर्ति होती है। मेरा कहना यह है कि किसान जो भी पैदा करे निश्चित तरीके से उसको फायदा मिलना चाहिये, ज्यादा से ज्यादा फायदा मिलना चाहिये, मगर इसके साथ-साथ कंज्यूमर का इन्ट्रेस्ट भी देखा जाना चाहिये। अगर केवल प्रोड्यूसर का ही इन्ट्रेस्ट देखेंगे तो उससे भी परेशानी बढ़ जायेगी। हमारे देश में ऐसे भी लोग हैं जो पैदा नहीं करते, मजदूरी करते हैं। इसलिये दोनों के इन्टरेस्ट को देखना अत्यावश्यक है।

प्रोड्यूसर का इन्ट्रेस्ट देखना चाहिये कि जितना खर्च करता है, खाद, इम्पुट्स पर खर्च करता है, उस के मुकाबले उसको कुछ मुनाफा होता है या नहीं, उसके साथ-साथ जो लोग खाते हैं, उनको भी वाजिब दाम पर यह सारी चीजें मिलती हैं या नहीं। इन सारे प्रश्नों को हमें गम्भीरता से सोचना पड़ेगा, तभी काम चल सकता है।

इन सारी चीजों को देखते हुए सरकार ने जो कमेटी बना रखी है, उसके जरिये से यह सारी चीजें तय होती हैं। कमेटी सारी चीजों को नाप-तौल कर सरकार के सामने अपनी बात रखती, सरकार पार्लियामैंट के सामने रखती है। पार्लियामैंट के सदस्य भी उस पर अपनी राय देते हैं कि यह कीमतें कम हैं और बढ़ाई जानी चाहियें। हमारी सरकार ने बराबर इस सम्बन्ध में ध्यान दिया है। पार्लियामैंट के सदस्यों ने जब भी सरकार से इस सम्बन्ध में निवेदन किया है, तभी निश्चित तरीके से उस पर गौर कर के किसानों की आर्थिक उन्नति के लिये प्राइस को बढ़ाने का काम किया गया है।

इसके साथ-साथ हमारी सरकार को इस बात का ध्यान रखना चाहिये कि हमारे देश में बहुत बड़े-बड़े जमींदार, जागीरदार और पूंजीपति हैं, उनके पास 5, 5 और 10, 10 हजार बीघे जमीन है। मैंने पिछली बार कहा था कि पंजाब, राजस्थान, हरियाणा, यू०पी०, बिहार में जमीन फर्जी नाम से घोड़े और कुत्ते के नाम पर फर्जी तरीके से रखी हुई है जो कि उनके पास आज भी है।

[श्री गिरधारी लाल व्यास]

कुलाक्स और बड़े बड़े ज़मींदारों के खिलाफ़ जो भी कानूनी कार्यवाही हो रही थी, जनता पार्टी के शासन में उन्हें उससे छुटकारा मिल गया। कांग्रेस के राज्य में उनपर बराबर अंकुश रखा गया और उनकी ज़मीनों को लेने की कोशिश की गई, लेकिन बीच में परिवर्तन आया और इन लोगों को छुटकारा मिल गया।

बिहार, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, गुजरात और महाराष्ट्र में ज़मींदारों, जागीरदारों और राजा-महाराजाओं के पास आज भी बड़ी बड़ी ज़मीनें हैं। उपाध्यक्ष महोदय, पता नहीं, आपके यहां क्या हाल है। बड़े बड़े ज़मींदारों ने फ़र्ज़ी नामों से बड़े बड़े फ़ार्म स्थापित किए हुए हैं। सरकार को इन ज़मींदारियों को अपने कब्ज़े में लेने के लिए कदम उठाना चाहिए। कम्युनिस्ट लोग कहते हैं कि हमारे देश में 50, 55 परसेंट लोग ग़रीबी की रेखा के नीचे रहते हैं। अगर उन लोगों को ऊपर उठाना है, तो बड़े ज़मींदारों की ज़मीनें अपने हाथ में लेनी होंगी और उन्हें ग़रीबों में बांटना पड़ेगा।

इन लोगों ने इस बारे में कुछ नहीं किया, बल्कि इन्होंने तो पूंजीपतियों और कुलाक्स को फ़ायदा पहुँचाया है। जो कुछ काम किया है, वह कांग्रेस ने किया है और कांग्रेस के सिवा और कोई करने वाला नहीं है। कम्युनिस्ट लोग—चाहे वे मार्किसस्ट हों या सी पी आई के—सिर्फ फर्जी कार्यवाही करते हैं। वे बातें करते हैं मज़दूरों और किसानों की, लेकिन अन्दरूनी हालत कुछ और ही है। बंगाल में जा कर देखिए, तमाम बड़े बड़े लीडरों के पास लाखों करोड़ों रुपयों की सम्पत्ति मौजूद है। लोक दल के लीडर भी कुलाक और बड़े बड़े जमीदार हैं। जब तक सरकार बड़ी बड़ी जमींदारियों पर कब्जा कर के उन जमीनों को लोगों में नहीं बांटेगी, तब तक गरीब लोग ऊपर नहीं उठ सकेंगे।

श्री लकप्पा अच्छा बिल लाए हैं, लेकिन इससे बड़े बड़े ज़मींदारों और कुलाक्स को फ़ायदा होगा, क्योंकि उनके पास बहुत पैसा और साधन हैं। उन साधनों को कम करना चाहिए। इस बिल में यह भी प्रावधान होना चाहिए कि बड़े बड़े कुलाक्स ने फ़र्जी नामों से जो ज़मींदारियां अपने कब्जे में कर रखी हैं, उन्हें खत्म कर के ज़मीन को गरीब लोगों में बांट दिया जाए। इसके अलावा सीलिंग के कानून के तहत डेजर्ट, पहाड़ी क्षेत्र, सिंचाई वाले क्षेत्र और बिना सिंचाई के क्षेत्र के मिकदार को बांध दिया जाए यह तय कर दिया जाए। कि एक परिवार के पास इससे ज्यादा ज़मीन नहीं होगी। उससे ज्यादा ज़मीन को ले कर गरीबों में बांट देना चाहिए, ताकि गरीबों को राहत मिल सके।

इन सुझावों के साथ में इस बिल का समर्थन करता हूं।

श्री भीम सिंह (झुन्झुनू): उपाध्यक्ष महोदय, मैं श्री लकप्पा द्वारा पेश किए गए एग्रीकल्चरल कामोडिटीज़ सपोर्ट प्राइस बिल का समर्थन करता हूं। जहां तक मैं समझ पाया हूँ, इस बिल को लाने में उनके दो उद्देश्य हैं: एक, काश्तकारों को अपनी फ़सल की अच्छी कीमत मिले और दूसरे, देश की अन्न की पैदावार बढ़े। जब काश्तकार को अपनी प्रोड्यूस, पैदावार, का अच्छा रिटर्न मिलेगा, तो वह पैदावार को बढ़ाने के लिए एनकरेज्ड होगा। इस में सपोर्ट प्राइस बहुत बड़ा रोल प्ले करती है। सरकार आज के फ्लक्चुएटिंग भावों को कन्ट्रोल नहीं कर पाती है, इस लिए

काश्तकार जब अपनी फ़सल को बीजता है, तो वह अनुमान लगाता है कि मुझे अपनी फ़सल की इतनी रकम मिलेगी। परन्तु जब वह अपनी फ़सल को काटने लगता है तो वास्तव में उस का वह सोचना गलत साबित होता है, भाव इतने गिर जाते हैं कि उस को उस का उचित रिटर्न नहीं मिलता।

आज की खेती में इनपुट्स इतने बढ़ गए हैं और खेती का खर्चा इतना बढ़ गया है कि काश्तकार को उसके साथ खिलवाड़ करना पोसा नहीं पड़ता, उसके साथ एक्स-परिमेंट करना पोसा नहीं पड़ता। उसको गारन्टी होनी चाहिए कि वह जो फसल बोता है उसका उचित रिटर्न उसको मिले। ....(व्यवधान)... मैं व्यास जी से निवेदन करूंगा कि उनके बारे में मैं बाद जवाब दूंगा।

सपोर्ट प्राइस जो सरकार ने निर्धारित किया है उसके बारे में मैं निवेदन करना चाहूँगा। सरकार की तरफ से एकोनामिक सर्वे जो 1981-82 निकला है उसमें से कुछ आंकड़े मैं पेश करना चाहता हूं। तीन चार जो खास खास फसलें हैं जैसे गेहूं के लिए स्पोर्ट प्राइस 130 रुपये रेकमेंड की गई थी सरकार ने उसे 142 रुपये किया। परन्तु आज गवर्नमेंट की पालिसी के कारण बाजार में कल्याण सोना जैसा रद्दी से रद्दी गेहूँ भी 180-190 रुपये है और फार्मिंग वैराइटी का जो अच्छा खाने लायक गेहूँ है वह 250 तक चला गया है। इसी तरह पैडी की सपोर्ट प्राइस 115 रुपये है, बाजार में छोटा काश्तकार खरीदने जाता है तो बहुत ऊंचे भाव पर उसे मिलता है।

शुगर केन की सपोर्ट प्राइस आपने 13 रुपये क्विंटल रखी है। शुगर केन की सपोर्ट प्राइस के बारे में एक बड़ी हास्यास्पद बात मैं निवेदन करना चाहूंगा और वह देखकर हंसी भी आती है, शुगर केन के बारे में प्राइस कमीशन की जो रिपोर्ट 76-77 की है उसके अन्दर ऐग्रीकल्चर प्राइस कमीशन ने कैलकुलेट किया कि कास्ट आफ प्रोडक्शन कितना आता है "The cost of production works out to Rs. 7.99 for U. P. and it was Rs. 8.50 for Bihar and in 1976-77 the cost of production was Rs. 8.50 per quintal"....76-77 के अन्दर जब कि 8.5 रुपये कास्ट आफ प्रोडक्शन आता था, इसी एकोनामिक सर्वे की 80-81 की रिपोर्ट के अन्दर उसकी सपोर्ट प्राइस भी 8.50 रखी है। कास्ट आफ प्रोडक्शन भी 8.50 रुपये और सपोर्ट प्राइस भी 8.50 रुपये – यह क्या सोच कर सपोर्ट प्राइस उन्होंने रखी ? फिर काश्तकार को बचेगा क्या ? अगर इस तरह से सपोर्ट प्राइस के फिगर्स कम्पूट किए जाते हैं और मुकर्रर किये जाते हैं तो वह असलियत से बहुत दूर है। इसका नतीजा होता है कि प्रोडक्शन गिरता है देश का।

प्रोडक्शन के बारे में कुछ फिगर्स मैं रखना चाहूंगा क्योंकि सारी आप की प्लानिंग जो एग्रीकल्चर के लिए है, सारी सपोर्ट प्राइस और काश्तकार के लिए सारी मदद जो है उसका एक ही लक्ष्य है कि देश को ज्यादा से ज्यादा अन्न मिल सके, वह टार्गेट अचीव कर सके। यह सारा अगर आपका फेल होता है तो देश का प्रोडक्शन गिरेगा और वह गिरा है।

15.57 hrs.

[SHRI HARINATHA MISRA *in the Chair*]

इसके नमूने के तौर पर मैं कुछ फिगर्स रखना चाहूंगा। एकोनामिक सर्वे 81-82

[श्री भीम सिंह]

के टेबल 2.1 के अन्दर 78-79 में राइस का प्रोडक्शन आया 53.77 मिलियन टन्स जबकि 80-81 के अन्दर वह गिर कर 53.23 मिलियन टन्स हो गया। फिर आप गेहूं को ले लीजिए। गेहूं का 35.5 मिलियन टन था वह जा कर थोड़ा बढ़ा 36.46 हो गया। कोई बहुत ज्यादा नहीं बढ़ा। अदर सीरियल्स का ले लीजिए। उनका 78-79 में प्रोडक्शन था 30.44 और 80-81 में गिर गया, 29.01 रह गया। टोटल फूड ग्रेन्स आफ दि कन्ट्री का प्रोडक्शन ले लीजिए। 78-79 के अन्दर 131.90 मिलियन टन्स था जो गिर कर 129.87 मिलियन टन रह गया। शुगर केन का 78-79 में था 15.73 जो 80-81 में गिर कर रह गया 15.40। इस तरह से लगातार गिरता गया। मैं इसके बारे में एग्रीकल्चर मिनिस्टर से थोड़ा सा जानना चाहूंगा। एग्रीकल्चर मिनिस्टर ने भविष्य में लिए प्रोडक्शन की फोरकास्ट की थी। एकोनामिक सर्वे रिपोर्ट में गवर्नमेंट की फोरकोस्ट आई है :

"The production of foodgrains during 1981-82 is expected to reach an all time high of 80 million tonnes which is 2.5 million higher than the production of 1980-81."

मैं सरकार से जानना चाहूंगा कि आपका यह अनुमान सही निकला या गलत, और क्या इतना प्रोडक्शन आपका बढ़ा ?

उन्होंने एक दूसरी फिगर यह दी थी :

"As a result of this, the production of foodgrains as a whole is as high as 134 million tonnes in 1981-82."

मैं जानना चाहूंगा कि क्या 134 मिलियन टन प्रोडक्शन हुआ ? शुगरकेन के लिए आपने कहा है :

"According to available evidence, the sugarcane production may show a significant increase in 81-82 over the previous year."

ग्राउण्डनट के लिए भी आपने कहा था कि 20-25 परसेन्ट हायर प्रोडक्शन होगा। मैं जानना चाहूंगा यह आपके जितने भी प्रेडिक्शन्स थे, वह सही निकले या गलत ?

16 hrs.

मैं यह भी निवेदन करना चाहूँगा कि एग्रीकल्चरल कमोडिटीज़ की प्राइसेज़ के साथ खिलवाड़ नहीं होना चाहिए। प्याज़, ज़ीरा वगैरह जो हैं जोकि मिडिल ईस्ट कन्ट्रीज़ को एक्सपोर्ट होती हैं उनकी जब फसल निकलती है उसके पहले ही गवर्नमेन्ट कोई पालिसी नहीं बनाती। सरकार की ओर से रेस्ट्रिक्शन्स लगा दिए जाते हैं और जब मिडिलमैन उन चीज़ों को खरीद लेते हैं तब रेस्ट्रिक्शन्स हटा लिए जाते हैं। तब उन चीज़ों के भाव शूट कर जाते हैं। इससे किसान को नुकसान पहुँचता है और मिडिलमैन को लाभ होता है। इस बारे में आपकी पालिसी कंसिस्टेन्ट होनी चाहिए।

इसके साथ ही मैं यह भी निवेदन करना चाहता हूँ कि श्री गिरधारी लाल व्यास को यहां पर सुनकर मुझे ऐसा लगा जैसे सन् 1947 से वे सोये हुये हों और आज गाढ़ी नींद से एकदम जाग गए हों। यह बिल एग्रीकल्चरिस्ट्स के फायदे के लिए, उसको सपोर्ट प्राइस देने के बारे में है लेकिन उनको नजर आ रहे थे रईस, स्टेट्स, जागीरदार, जमीदार वगैरह। वे कह रहे थे कि इनका सबका बन्दोबस्त हो। उनको पता ही नहीं कि सरदार पटेल ने ही हिन्दुस्तान के जागीरदारों को और स्टेट्स को खत्म कर दिया था और जमीदारों का भी खात्मा हो गया है। आज इस देश में न तो स्टेट्स हैं

और न रियास्तें, न जागीरदार हैं और न जमींदार। फिर पता नहीं वे किस चीज की बात कर रहे थे? वे इस बात को क्रिटिसाइज करना भूल गए कि आज जो मिडिलमेन हैं उनसे किसानों को सबसे अधिक नुकसान पहुँच रहा है। मिडिलमेन ही आज काश्तकारों को एक्सप्लायट करके ऊंचे भाव पर कंज्यूमर्स को बेच रहा है। इस सम्बन्ध में उन्होंने एक शब्द भी नहीं कहा। आज मिडिलमेन सरकारी अफसरों को मैनीपुलेट करके काश्तकारों को एक्सप्लायट करते हैं—इस बारे में उन्होंने कुछ नहीं कहा। इस बात को उन्होंने इसलिए नहीं कहा क्योंकि आज मिडिलमेन ही कांग्रेस सरकार को चुनावों में चन्दा देते हैं। इसीलिए आज उनके मुंह पर ताला लगा हुआ है। (व्यवधान) मैं जानता हूँ सही बात बहुत बुरी लगती है। काने को काना कहा जाए तो उसे भी बहुत बुरा लगता है। उन्हें काश्तकारों को सपोर्ट करना चाहिए था।

इन शब्दों के साथ ही मैं इस बिल का समर्थन करते हुए आपको धन्यवाद देता हूं।

SHRI S.B. SIDNAL (Belgaum) : Sir, at the outset, I congratulate Shri Lakkappa for having brought forward this Bill to highlight the problems faced by agriculture. Because, the progress of agriculture in this country has been a very slow process. No doubt, after independence agriculture has been given importance but, looking at the progress relative to industry, it is very poor.

Even now the very concept of agriculture is of big landlords. It is viewed in that wrong light at least in Karnataka. We have implemented the land reforms in toto. But unless a remunerative price is given to the agriculturist by the Government, unless a supporting price is given to agricultural production, any amount of legislation will not help to boost production.

Agriculture has two aspects—irrigated farming and non-irrigated farming. In irrigated farming one of the inputs necessary in fertilizer. What is the price of fertilizer now? Can a small farmer afford to purchase fertilizer at this price and then increase production? At the same time, if he does not put in the inputs, he will not get any yield at all, in which case even the question of price will not arise If we have to produce more, the price must be remunerative; then only he will get the incentive to work hard in the field.

In the case of dry farming, the farmer has always to dance according to the tune of the monsoon. Sometimes it is normal and mostly it is a failure. The failure of monsoon creates drought conditions in various parts of the country. The condition of the farmer who is engaged in dry farming is so bad in this country that many a time he has to sell out his land for the education of his children, the medical expenses of his family members or just for the sake of living. He cannot make both ends meet from the income of the land.

Of course, agriculture as a science has progressed and we have invented many high-brid and quick-yielding varieties. But the poor farmer cannot take advantage of them because he has no knowledge of the type of the soil, how to control pests, how to use fertilizers and thus get increased production in a limited land. His main weakness is the want of proper education about agriculture. We have got so many engineering and medical colleges and many other educational facilities for the benefit of the urban population. But we have not given the required education to the agriculturists. The scientific approch, which is required

[Shri S. B. Sidnal]

for agriculture, is not being provided. So, I would urge upon the Government to establish agricultural schools in every taluk to create the scientific approach in the agricultural community so that they may produce more wealth for the country.

Coming to a remunerative price, if we make a comparison of agriculture with industry, we find that it has not been given a fair deal. If a small scale industrialist wants to purchase a small plot of land or some machinery, the bank is jumping to help him with a sizable amount. But if a farmer goes to a bank for a small amount of loan just to dig a well, he is asked to pledge his land, his house and other property. While an industrialist gets more money and quick omeney, an agriculturist gets less money and that too very late. In such circumstances, how can we expect more production from agriculture?

If an industrial unit goes sick, the Government will take over it and run it in the interest of the public. But if an agricutural unit becomes sick for want of rain or inputs like fertilizers, nobody is taking care of them. On the other hand, if on account of the failure of the monsoon, a dry farmer is not able to pay an instalment to a bank, his whole property is taken away mercilessly by the bank.

In this way, if we don't give remunertive prices, if we don't give support prices, he will not have interest to produce more. We say that agriculturist is always the backbone of our country. Yes, he is a backbone of the country. But how far are we having interest in him ? How far have we involved him in production and what are the facilities we have provided for him ? Are we giving him fertiliser at a cheaper rate ? Of late, the labour also is very costly. He has to pay for the labour, he has to pay heavily for the fertiliser and he will not get good yield even if he works hard. A good agricultural community or family works from morning to evening without any holiday. without any relaxation, without any entertainment, througout the year. What can he do if he does not get the proper price ? He has to sell his produce at the mercy of the commission agents. Even if there are regulated markets, he will not get proper price because he takes loan from the commission agent who will suck his blood and swallow him totally. He is born in debt and he will die in debt. Unless the Government takes it seriously and the support price is given, he will not survive. In Japan, in Korea, in the States, even in Israel. you will be amazed to see how much progress they have made because of the keen interest taken by the Government machinery and the top people through their policies and legislation. In this country the kisan is not cared much. In USA the support price is periodically decided every 4 or 5 years. If there is a bumper crop and if the prices fall in the market, the Government will purchase it and keep it in the godown and sell it to other countries as it suits them. Here we do not have any godown facilities, we do not have any facilities for getting good price. If we do not get good price for the kisan, how can he survive ? Therefore, periodically, say, in a minimum period of 2 to 5 years, the support price should be given to him and his produce should be preserved in good and scientific godowns because we are equally interested in the consumer.

MR. CHAIRMAN : You may conclude now. Not that I want to prevent you, but the time is so limited now. Within an hour the Minister has to reply.

SHRI S.B. SIDNAL : I quite agree and appreciate your point. But this is a very important subject.

MR. CHAIRMAN : I know.

SHRI S.B. SIDNAL : Rarely it sees the light of the day. Let me take another minute or two to express my views. I quite agree. I will conclude.

Sir, with all these difficulties the kisan of this country has prevented us from begging in the international world. So, in his interest the support price is a must and it should be given every 4 or 5 years. Sugarcane, pulses, cotton, groundnut—all these are just sold at the mercy of the commission agent. Thanks to the Prime Minister, she has nationalised the banks ; at least the kisan can boldly go to any bank and approach it for loan. But the officials of the banks—I do not make any allegation—have not yet treated the agriculturist as their own brother. When they do it, that becomes a ceremonial day for this country and the kisan of this country never lags behind to produce more in comparison to other countries.

I thank you very much for having afforded me the time.

श्री दिगम्बर सिंह (मथुरा) : सभापति महोदय मैं इस बिल का समर्थन करता हूं और समर्थन इसलिए करता हूं कि मैं यह अनुभव करता हूँ कि हमारे देश की तरक्की के लिए, हमारे देश की प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए, हमारी राष्ट्रीय आय बढ़नी चाहिए और राष्ट्रीय आय बढ़ाने का सब से आसान अगर कोई तरीका है, तो वह यह है कि किसानों का उत्पादन बढ़े। किसानों का उत्पादन बढ़ने से राष्ट्रीय आय बढ़ेगी और साथ ही साथ विदेशों में प्रतिष्ठा भी बढ़ेगी क्योंकि हमें बाहर से अन्न नहीं मंगाना पड़ेगा। इसलिए किसानों का उत्पादन बढ़ाना अत्यन्त आवश्यक है।

किसानों का उत्पादन बढ़ाने से, किसानों की आर्थिक स्थिति ठीक करने से—केवल इसलिए नहीं कि किसानों की समस्या हमें हल करनी है, किसानों का हित करना है—सबकी तरक्की होती है, सब की उन्नति होती है। आप अगर देश के उस क्षेत्र में जाएं, जहां किसानों की हालत अच्छी है, तो आप यह पाएंगे कि वहां के मजदूरों की हालत अच्छी हैं, वहां के दुकानदारों की हालत अच्छी है, वहां के व्यापारियों की हालत अच्छी है, छोटे-छोटे उद्योग-धन्धे करने वालों की हालत अच्छी है और वहां पर अच्छे कार्य हो रहे होंगे और अगर आप उस क्षेत्र में जाएं, जहां कि किसानों की हालत खराब है, तो वहां आप यह देखेंगे कि वहां पर मजदूरों की हालत खराब है, वहां के दुकानदारों की हालत खराब है, वहां के व्यापारियों की हालत खराब है। जहां के किसानों की हालत अच्छी है, वहां पर आप को ज्यादा स्कूल और कालेज दिखाई देंगे और जहां के किसानों की हालत खराब है, वहां पर ये नहीं होंगे। इसलिए मेरा निवेदन यह है कि किसानों की हालत को सुधारना चाहिए क्योंकि इससे देश के हर क्षेत्र के लोगों की उन्नति होती है। आप अगर पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में जा कर देखें, जहां कि किसानों की हालत अच्छी है, तो वहां आप यह पाएंगे कि वहां सब की स्थिति अच्छी है। वहां के गांवों को आप देखेंगे तो पाएंगे कि उनकी हालत बहुत अच्छी है और जहां पर किसानों की हालत खराब है, तो वहां के जिलों की हालत भी कस्बों से खराब मिलेगी। जहां पर किसानों की हालत अच्छी है, वहां पर आपको ट्रैक्टर दिखाई देंगे और जब ट्रैक्टर होंगे, तो उनकी

[श्री दिगम्बर सिंह]

मरम्मत के लिए दुकानें भी खुलेंगी। तो मेरा निवेदन यह है कि किसान की तरक्की से ही देश की तरक्की होती है और न केवल किसान की बल्कि सबकी तरक्की होती है। और इससे हमारे देश की प्रतिष्ठा बढ़ती है क्योंकि हमें अन्न बाहर से नहीं मंगाना पड़ता है। इस से हमारे राष्ट्र की आय भी बढ़ती है।

अब सवाल यह है कि किसानों की तरक्की कैसे हो, उनका हित कैसे हो। इस का एक ही तरीका है कि वह जो उत्पादन करता है, उसके उत्पादन का उस को उचित मूल्य मिले। अगर उसे उचित मूल्य मिल जाता है, तो मैं समझता हूं कि उत्पादन बढ़ेगा और देश की हालत अच्छी होगी। अगर आप आंकड़े उठा कर देखें, तो यह पाएगें कि जिस वर्ष किसान के उत्पादन की कीमत बढ़ी दूसरे वर्ष उत्पादन बढ़ गया और जिस वर्ष जिस चीज की कीमत उस को कम दी गई, उस के अगले वर्ष उस चीज का उत्पादन गिर गया। इसलिए कृषि से सम्बन्धित जो वस्तुएं हैं, उनका अगर उत्पादन बढ़ाना है, तो उनका उचित मूल्य उसे मिले। मैं सन् 1952 से देख रहा हूं कि किसानों के उत्पादन का मूल्य जब गिर गया, तो उन चीजों का उत्पादन कम होता गया और जब उन की कीमत बढ़ जाती है, तो किसान ने उत्पान बढ़ाया और देश तरक्की करता चला गया लेकिन आज स्थिति बदल रही है। आज किसान की वह हालत नहीं है। आज अगर आप को किसी के पास ट्रैक्टर दिखाई देता है और आप उस की स्थिति के बारे में पता लगाएंगे, तो पता चलेगा कि ट्रैक्टर का उस पर कितना कर्ज़ा है और वह नीलाम होने वाला है। उस से उस का कर्ज़ा नहीं चुकाया जा रहा है। लोगों को शायद इसका पता नहीं है कि किसानों के पास जो पक्के मकान बने हुए हैं, उनकी मरम्मत कराने के लिए भी उनके पास पैसा नहीं है। इतनी आर्थिक स्थिति उनकी खराब हो गई है कि मरम्मत कराना उनके लिए मुश्किल हो रहा है। आप अगर देखेंगे और इसकी जांच करवाएंगे, तो आप को पता लगेगा कि जहां किसानों की हालत खराब है, वहां सब की हालत खराब हो रही है और वहीं पर आप देखेंगे कि ये चोरियां और डकैतियां हो रही हैं और इस तरह के काम बढ़ रहे हैं। तो मैं आप के द्वारा कृषि मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि आप इस पर विचार करें और इससे भी ज्यादा जरूरी यह है कि अगर आप कृषि उत्पादन बढ़ाना चाहते हैं, तो कृषि की बुवाई से पहले मूल्यों की घोषणा कर दीजिए। इस से मैं समझता हूं कि ज्यादा उत्पादन बढ़ेगा। आंकड़े कुछ भी हों लेकिन मैं अनुभव के आधार पर कह सकता हूं क्योंकि कृषि के अलावा मैं और कोई बिजनैस नहीं करता और इस के अलावा मेरा आमदनी का और कोई जरिया नहीं है, कि किसानों की हालत आज अच्छी नहीं है। आप पिछले वर्षों को देखें तो यह पायेंगे कि इस वर्ष किसानों ने गेहूं कम बोया है और लोग कहते हैं कि वसूली इतनी हो गई है।

मैं आप से कहना चाहता हूं कि अगर गेहूं भीगा नहीं होता, बरसात में नहीं भीग गया होता तो सरकार नहीं खरीद पाती। आज उसकी कीमतें बढ़ रही हैं और किसानों के साथ अन्याय हो रहा है। किसान जिसने कि मेहनत की, जिसने कि पैसा खर्च किया, दिन-रात उसमें लगाया, उसको 140 रुपये दाम मिलते हैं और जिसने कि अपनी दुकान में भर कर रख लिया, उसको भी उसके

उतने ही मूल्य मिल जाते हैं, उतना वह मुनाफा कमा जाता है। यह अन्याय है। इसको रोका जाना चाहिए। अगर इसको रोका नहीं जाता, इस पर प्रतिबन्ध नहीं लगाया जाता है तो मैं आपसे कहना चाहता हूँ कि देश तरक्की नहीं कर पायेगा। आपको चाहिए कि किसानों को गेहूं का उचित मूल्य मिले।

अगर किसानों को उसकी उपज का उचित मूल्य मिलेगा तो वह फिर उसी को बोयेगा। अगर किसान गेहूं बोता है और उस पर उसकी लागत दो हजार रुपये आती है और उसको मूल्य तीन हजार रुपये मिलता है तो वह अगले साल भी गेहूँ बोयेगा और चार हजार रुपये की लागत लगा कर बोयेगा क्योंकि तब उसे दो हजार रुपये का फायदा होगा। अगर किसान को दो हजार रुपये लगा कर डेढ़ हजार रुपये मिलते हैं तो वह पांच सौ रुपये का घाटा उठा कर अगले साल एक हजार रुपये का गेहूँ बोयेगा क्योंकि वह सोचेगा इस से उसका नुकसान आधा रह जाएगा। मैं आपके सामने सारे आंकड़े रख सकता था लेकिन मेरे पास समय नहीं है और आंकड़े रखने में काफी समय लगेगा।

मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूं कि किसान अगर तरक्की करता है तो देश तरक्की करेगा। देश की तरक्की के लिए किसान की तरक्की जरूरी है और किसान की तरक्की के लिए उसके उत्पादन का उसे उचित मूल्य मिलना चाहिए। इसके लिए यह भी आवश्यक है कि जब वह अपनी फसल को बोये तो उससे पहले उसका मूल्य तय हो जाना चाहिए। अगर आप ऐसा नहीं करते हैं तो किसान की हालत अच्छी नहीं हो सकती है।

मैं आपको बताना चाहता हूँ कि आपके एशियाई खेलों की जो टिकटें बिक रही हैं उनको लेने वाले किसान नहीं हैं हालांकि किसानों को कुलक या राजा-महाराजा कह दिया जाता है। आप पता लगा लीजिए कि उनको खरीदने वाले क्या कोई किसान हैं। आप लोक सभा या राज्य सभा के सदस्यों में से देख लीजिए कि जो खेती का काम करते हैं उनमें से कितनों के पास कारें हैं। मेरे विचार में किसी के पास नहीं है। जो खेती के अलावा दूसरा काम करते हैं उनके पास हो सकती है।

मैं आप से कहना चाहता हूँ कि आप किसानों को चाहे कुलक कहें या राजा-महाराजा कहें लेकिन किसानों की स्थिति इतनी अच्छी नहीं है। इसलिए किसानों के लिए यह जरूरी है कि उनके उत्पादन का उन्हें उचित मूल्य दिया जाए। वह उत्पादन के बाद नहीं बल्कि बोने से पहले उन्हें बता दिया जाए।

